## बेटे सहित 4 बच्चों की हत्या करने का आरोप

# अब पति ने साइको किलर के खिलाफ करवाया केस दर्ज

## परिवार के लोगों ने कहा, पूनम को उसी तरह की मौत मिलनी चाहिए, जिस तरह से उसने बच्चों को मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

अपने बेटे और तीन अन्य बच्चियों की हत्या करने वाली साइको किलर पूनम का पानीपत में राजपाश होने के बाद अब पति नवीन ने भी उस पर बरोदा थाना में हत्या का केस दर्ज करा दिया। नवीन ने खुद थाना पहुंचकर शिकायत दी। पानीपत में पूनम ने गिरफ्तार होने के बाद जो राज खोला उसके आधार पर ही नवीन ने उसके घर में बेटे शुभम व भांजी इशिका की हत्या को लेकर अलग से केस दर्ज कराया। पुलिस अब पूनम को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ करेगी। पानीपत में 1 दिसंबर को नौल्था गांव में छह वर्षीय बच्ची विधि की हत्या के बाद पूनम की गिरफ्तारी ने उसके पुराने अपराधों का ऐसा काला अध्याय खोल दिया, जिसने पूरे क्षेत्र को दहलाकर रख दिया है। इसी सिलसिले में पति नवीन ने बरोदा थाना में पूनम के खिलाफ अपने बेटे शुभम और भांजी इशिका की हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है। इन दोनों बच्चों की मौत 12 जनवरी, 2023 को गांव भावड़ में हुई थी और उस समय मामला स्पष्ट न होने के कारण पोस्टमार्टम तक नहीं किया गया था। अब पूनम पर आरोप है कि उसने घर में मौजूद पानी स्टोरेज टैंक में पहले भांजी इशिका और पकड़े जाने के डर से उसके एक घंटे बाद बेटे शुभम को डुबोकर मौत के घाट उतार दिया था। पानीपत में हत्या का खुलासा होने के बाद यह पुरानी वारदात भी उजागर हो गई।



आरोपित पूनम

### एफएसएल टीम ने जांचा टैंक

बरोदा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद जांच तेज कर दी है। शुक्रवार को थाना प्रभारी धर्मबीर सिंह की टीम एफएसएल विशेषज्ञों के साथ गांव भावड़ पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच की। जिस टैंक में शुभम और इशिका के शव मिले थे, उसकी अलग-अलग एंगल से जांच की गई। शुभम का शव टैंक के अंदर डूबा मिला था, जबकि इशिका का शव पानी पर उतराता पाया गया था।

### प्रोडक्शन वारंट लिया जाएगा

पुलिस अब पूनम से इस पुराने दोहरे हत्याकांड में विस्तृत पूछताछ की तैयारी कर रही है। इसके लिए उसे प्रोडक्शन वारंट पर लिया जाएगा। पूरा मामला अब संगीन रूप ले चुका है और पुलिस की जांच चार मासूमों की दर्दनाक मौत के हर पहलू को खंगालने में जुटी है।

### हत्या की मंशा जानेंगे

दोहरे हत्याकांड में अदालत से अनुमति मिलते ही पूनम से पूछताछ की जाएगी। मनोचिकित्सक की उपस्थिति में पूछताछ करेगी, ताकि उसके मानसिक हालात और वारदातों के पीछे की मंशा का सही आकलन हो सके। **-एसीपी राहुल देव**, गोहाना

## पूनम पर और भी हत्याओं का शक

**सोनीपत।** पूनम ने 12 जनवरी 2023 को अपने 3 साल के बेटे शुभम और भांजी इशिका को पानी की हौद में डुबोकर मार डाला था। इससे एक दिन पहले पूनम ने ही उनकी डांस करते हुए वीडियो बनाई थी। हरियाणा के सोनीपत की 6 साल की बच्ची विधि की मौत के बाद साइको किलर पूनम से जुड़े अलग-अलग मामलों की परतें खुल रही हैं। परिवार के लोगों ने कहा कि चार बच्चों को मौत के घाट उतारने वाली पूनम को उसी तरह की मौत मिलनी चाहिए, जिस तरह से उसने बच्चों को मारा। परिवार के लोगों ने पूनम के लिए फांसी की मांग की है। वहीं, दूसरी तरफ सोनीपत में भी पूनम के खिलाफ दो हत्याओं को लेकर शिकायत दी गई है। विधि के पिता संदीप ने बताया कि उनके परिवार के कई सदस्यों की मौत का कनेक्शन पूनम से जुड़ा नजर आ रहा है। उसकी बहन भी संदिग्ध हालत में एक्सपायर हुई थी, उसका भी शक अब पूनम पर जा रहा है। उधर, पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि पूनम ने 12 जनवरी 2023 को अपने 3 साल के बेटे शुभम और भांजी इशिका को पानी की हौद में डुबोकर मार डाला था। इससे एक दिन पहले का वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों बच्चे बेड पर खेल रहे थे।

## डीएलएड के लिए आज से कर सकते हैं आवेदन

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए डीएलएड संस्थाओं की अस्थाई सम्बद्धता के लिए आवेदन-पत्र एवं शुल्क प्राप्ति के लिए तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। सम्बन्धित संस्थाएं बिना विलम्ब शुल्क 05 दिसम्बर, 2025 से 18 दिसम्बर, 2025 तक तथा विलम्ब शुल्क 5000 रुपये सहित 19 से 31 दिसम्बर, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की भांति अस्थाई सम्बद्धता निरंतरता शुल्क 50,000 रुपये निर्धारित है, जो आईसीआईसी आई बैंक द्वारा गेट्वे पेमैंट के माध्यम से भरा जाना हैं।

## खबर संक्षेप

### स्नेचिंग के दो दोषियों को 10-10 साल कैद

**फतेहाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल की अदालत ने महिला से सोने की चैन छीनने के मामले में शुक्रवार को दो दोषियों को 10-10 साल की कैद व 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर इन्हें 10 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दोनों युवकों पर 18 फरवरी 2022 को आईपीसी की धारा 379बी के तहत केस दर्ज किया गया था।

### सड़क से नीचे उतरी रोडवेज बस, बाल-बाल बचे यात्री

**हिसार।** जिले के गांव धांसू-सुलखनी रोड पर रोडवेज की बस अचानक असंतुलित होकर सड़क से नीचे उतर गई। यह बस घिराय से हिसार आ रही थी। चालक ने सूझबूझ से बस को नियंत्रित कर लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना धांसू–सुलखनी मार्ग पर उस स्थान के पास हुई, जहां पिछले महीनों में हुई भारी बारिश के कारण आसपास का क्षेत्र अभी भी जलमग्न और दलदली बना हुआ है। पिछले दिनों हुई तेज बारिश के बाद इस इलाके में पानी लंबे समय से भरा हुआ है।

## छात्राओं के साथ अमानवीय व्यवहार का मामला: महिला आयोग ने पुलिस से रिपोर्ट तलब की

### कई छात्राओं ने डीईओ के समक्ष स्कूल संचालक पर गंभीर आरोप लगाए थे

# नव ज्योति स्कूल का संचालक गिरफ्तार, जमानत भी मिली

*घटना के बाद से स्कूल संचालक फरार चल रहा था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

ढाणी भोजराज स्थित नव ज्योति हाई स्कूल में छात्राओं के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने शुक्रवार को स्कूल संचालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पिछले तीन दिनों से आरोपी की तलाश कर रही थी। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जमानत मिल गई। वहीं, पूरे प्रकरण को लेकर राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा का पत्र भी भूना थाना पहुंचा है, जिसमें मामले में पुलिस द्वारा उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी मांगी गई है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि ढाणी भोजराज की पीड़िता द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर दिनांक 24 नवंबर की घटना संबंधी जांच प्रारंभ की गई थी।



**भूना।** ढाणी भोजराज नव ज्योति हाई स्कूल के संचालक को गिरफ्तार किए हुए महिला पुलिस फोटो: हरिभूमि

### बुधवार को केस दर्ज किया गया

इस दौरान पीड़िता के बयान दर्ज किए गए और संबंधित साक्ष्य एकत्र किए गए। प्रारंभिक जांच के बाद स्कूल संचालक सुभाष चंद्र निवासी सांचला-भोजराज के खिलाफ 3 दिसंबर को मामला दर्ज किया गया था। इसके अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 74 तथा किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 में अभियोग पंजीकृत किया गया।

### स्कूल की मान्यता रद्द करने की सिफारिश की गई

शिक्षा विभाग के निदेशक, जिला उपायुक्त और अतिरिक्त उपायुक्त को रिपोर्ट भेज दी गई है। इसमें स्कूल की मान्यता रद करने की सिफारिश की गई है। राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन से भी पत्राचार किया है। उन्होंने संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है। रिपोर्ट में बच्चियों ने दोहराया है कि उन्हें लगातार मारपीट, मानसिक दबाव और अपमान का सामना करना पड़ा। **- संगीता बिश्नोई**, जिला शिक्षा अधिकारी

### 9वीं से 12वीं के एनरोलमेंट की डेट जारी

# 20 के बाद लगेगी लेट फीस, 8 जनवरी तक कर सकेंगे करेक्शन

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर एवं सचिव मुनीश शर्मा ने प्रेस वक्तव्य में संयुक्त रूप से बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एनरोलमेंट रिटर्न भरने की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। अराजकीय अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत दिशा-निर्देश बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। सभी विद्यालय मुखिया हरियाणा राज्य के विद्यार्थियों के लिए 150 रुपये प्रति विद्यार्थी एवं अन्य राज्यों के प्रवासी विद्यार्थियों के लिए 200 रुपये प्रति विद्यार्थी एनरोलमेंट शुल्क के साथ 8 दिसम्बर से 20 दिसम्बर, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात 300 रुपये विलम्ब शुल्क सहित 21 से 28 दिसम्बर तथा 1000 रुपये विलम्ब शुल्क सहित 29 दिसम्बर, 2025 से 05 जनवरी, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। छात्रों के विवरणों में 06 जनवरी से 8 जनवरी, 2026 तक ऑनलाइन शुद्धि कर सकते हैं।

## रेवाड़ी: दिल्ली रोड पर डिवाइडर पर चढ़ी कार कनीना नपा के पूर्व चेयरमैन की मौत

**रेवाड़ी।** वीरवार देर सायं दिल्ली रोड पर बालाजी मार्केट के पास एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने के बाद पोल में घुस गई। इस हादसे में महेंद्रगढ़ के कस्बा कनीना निवासी नपा के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सिंह लोढ़ा की मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को कार से बाहर निकाला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। राजेंद्र सिंह लोढ़ा कार से किसी शादी समारोह में भाग लेने के लिए राजस्थान की ओर जा रहे थे। बालाजी मार्केट के पास उनकी कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पोल में घुस गई। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। लोढ़ा और चालक दरवाला लॉक होने के कारण कार के अंदर ही फंस गए। इसी दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने कार का दरवाजा तोड़कर दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां लोढ़ा को मृत घोषित कर दिया गया।





